# लक्ष्मी नगर का जाम खत्म करेगा ITO जैसा स्काईवॉक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आईटीओ चौराहे** पर जाम खत्म करने के लिए जिस तरह से 523 मीटर लंबा स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर PWD ने अब लक्ष्मी नगर टी-जंक्शन पर पैदल रोड पार करने वाले की सुरक्षा और जाम से राहत के लिए स्काईवॉक बनाने का प्लान बनाया है। स्काईवॉक की लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। इसके निर्माण के लिए करीब 6 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है।

वहीं, विकास मार्ग को जाम फ्री करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। इसके अलावा गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 24-25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

> गीता कॉलोनी रोड, पटपड़गंज रोड और मदर डेयरी रोड की रीकारपेटिंग का भी प्लान

**मौजूद एफओबी सिर्फ मेट्रो से रोड क्रॉस करने के लिए:** दिल्ली विधानसभा में चीफ व्हिप और लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा के अनुसार मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर मेट्रो यात्रियों को रोड क्रॉस करने के लिए पहले से एक एफओबी बनाया गया है। लेकिन, एफओबी का इस्तेमाल सिर्फ मेट्रो में आने-जाने के लिए ही किया जा सकता है। पैदल रोड क्रॉस करने वालों के लिए यहां कोई एफओबी नहीं है। इसलिए प्लान बनाया गया है कि मेन मदर डेयरी मार्ग-विकास मार्ग टी-जंक्शन पर एक स्काईवॉक बनाया जाए। आईटीओ के डब्ल्यू पॉइंट पर जिस तरह से स्काईवॉक बनाया गया है, उसी तर्ज पर यहां स्काईवॉक बनाया जाएगा।

स्काईवॉक के निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट है। स्काईवॉक का एक विंग विकास मार्ग, दूसरा विंग मेन मदर डेयरी मार्ग रोड पर होगा। यह स्काईवॉक करीब 5 मीटर चौड़ा बनाई जाएगा और इसकी लंबाई करीब 400 मीटर हो सकती है। आईटीओ पर बने स्काईवॉक की कुल लंबाई करीब 523 मीटर है।




## मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन होगा सिग्नल फ्री

अभय वर्मा का कहना है कि लक्ष्मी नगर और विकास मार्ग से आने वाले ट्रैफिक के चलते विनोद नगर के पास स्थित मेन मदर डेयरी रोड-पटपड़गंज टी-जंक्शन (गणेश चौक) पर बॉटलनेक बन जाता है। जिसके चलते यह पूरा स्ट्रेच हमेशा जाम से जूझता है। समस्या के समाधान के लिए टी-जंक्शन पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को हटा कर गोल चक्कर बनाया जा रहा है। यहां गोल चक्कर बनाने का काम शुरू भी हो चुका है। गोलचक्कर के निर्माण से गाड़ियों की मूवमेंट आसानी से होगी और जाम नहीं लगेगा। इसके अलावा गीता कॉलोनी, पटपड़गंज और विकास मार्ग इन तीन सड़कों की रीकारपेटिंग भी की जाएगी। रीकारपेटिंग का काम अगले कुछ दिनों में शुरू होगा। इसके बाद इस स्ट्रेच में जाम की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी। सड़कों की रीकारपेटिंग पर करीब 18 करोड़ खर्च होंगे।

**400 मीटर** हो सकती है स्काईवॉक की लंबाई

**05 मीटर** होगी इस स्काईवॉक की चौड़ाई

**6 करोड़** का एस्टिमेट तैयार किया गया है

**523 मीटर** लंबा है आईटीओ का स्काईवॉक

**जाम खत्म** करने के लिए विनोद नगर के पास गणेश चौक पर गोल चक्कर बनाया जा रहा है




# फर्जी बैनामा करने में शिक्षक को भेजा जेल

■ NBT न्यूज, हापुड़

**मोहल्ला चमरी** निवासी योगाचार्य व सरकारी शिक्षक राजकुमार त्यागी आदित्य को पुलिस ने फर्जी बैनामा करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पहले भी शिक्षक पर सैकड़ों लोगों से ठगी के आरोप है। हापुड़ के हर्ष विहार मोहल्ला निवासी अनिल सागर ने बताया कि 21 जनवरी 2008 को एक प्लॉट के मूल भू-स्वामी ने अपना तथाकथित प्लॉट प्रमिला देवी को बेचा था।

> पहले भी शिक्षक पर सैकड़ों लोगों से ठगी के आरोप है

28 दिसंबर 2023 को सहमति से पीड़ित की सगी बहन ओमवती की ओर से यह प्लॉट पीड़ित को गिफ्ट डीड कर दिया गया। आरोप है कि चमरी निवासी राजकुमार त्यागी ने दिल्ली निवासी सतेंद्र कुमार, पूजा, आदर्श नगर कॉलोनी निवासी योगेश कुमार, तेजवीर सिंह, लज्जापुरी निवासी बिजेंद्र कुमार, काशीवाड़ा निवासी महफूज खान, मोहित त्यागी व अन्य दो-तीन के साथ साजिश रची।

इसके बाद राजकुमार ने अपने गिरोह के साथ मिलकर उक्त मूल्यवान प्रतिभूति और कूटरचित वसीयत का प्रयोग कर 17 अगस्त 2023 को धोखाधड़ी कर बैनाम करा लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि मामले में फरार चल रहे शिक्षक राज कुमार त्यागी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# NH-9 पर सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

■ NBT न्यूज, हापुड़

**थाना गढ़मुक्तेश्वर** क्षेत्र के नैशनल हाइवे-9 पर सोमवार को सड़क पार कर रहे उत्तराखंड निवासी युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के स्याना चौपला फ्लाईओवर के नीचे एक युवक सोमवार दोपहर सड़क पार कर रहा था।

तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मृतक की पहचान अल्मोड़ा निवासी त्रिलोक के रूप में हुई है।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in